मुस्लिम समाज शिक्षा पर जोर देकर पिछड़ेपन को दूर करे : अतीक अहमद

जालोर, (कासं)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसिएशन (रकमा) जालोर कि ओर से मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह मुख्य अतिथि रकमा प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद की अध्यक्षता में चामुंडा गार्डन जालोर में किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए दो सौ प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाध्यक्ष भंवरू खान पठान ने बताया कि जालोर जिले के प्रथम मुस्लिम समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह में अध्यक्षता पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जाहिद अली ने की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट शहजाद अली सैय्यद, सांचोर के पूर्व प्रधान डॉ. शमसेर अली सैयद, सेवानिवृत डीईओ हनीफ खान, सेवानिवृत तहसीलदार लियाकत अली शेख, सिवणा ठाकुर मुराद खां व बिबलसर ठाकुर परवेज खान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रकमा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आज मुस्लिम समाज शिक्षा के क्षेत्र में पिछड रहा है, इसलिए हर परिवार को बच्चों की पढाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि लडकी पढेगी तो दो घरों को रोशन करेंगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रकमा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि आज के समय में शिक्षा ही वह दीपक है जो अंधकार को मिटा सकता है। जिस समाज के बच्चे शिक्षित होते हैं, वही समाज आगे बढता है। शिक्षा न केवल नौकरी पाने का माध्यम है, बल्कि यह सोच, संस्कार और आत्मविश्वास का आधार भी है।

रकमा कोषाध्यक्ष रहमतुल्ला ने कहा कि हमारे समाज को अगर तरक्की करनी है, तो हमें अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। एक शिक्षित लडकी दो परिवारों को उजाला देती है।

मुस्लिम वेलफेयर ट्रस्ट के सदर शहजाद अली सैय्यद ने कहा कि शिक्षा के बिना सरकारी नौकरी पाना मुश्किल है। आज के बच्चे मोबाइल में व्यस्त होकर शिक्षा से दूर हो रहे हैं, उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए।

प्रदेश सचिव रफीक मोहम्मद ने कहा कि आज मुस्लिम समाज के बच्चे पढना चाहते है लेकिन उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने से बीच में ही पढाई छोडने को मजबूर है इसलिए प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा

रकमा जिलाध्यक्ष भंवरू खान पठान मादलपुरा ने बताया कि मायका और ससुराल दोनों को आज जरूरत है कि हम अपने घरों में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें, मोबाइल और मनोरंजन से दूर रखकर उन्हें पढाई की दिशा में आगे बढाएं और हर माता-पिता को संकल्प लेना होगा कि हमारे समाज का कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान डॉ. शमशेर खान सैय्यद, पूर्व डीईओ हनीफ खान, प्रदेश सचिव सालीम खान प्रदेश सचिव रफीक मोहमद तथा अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित कर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में समारोह में मुस्लिम समाज की करीब दो सौ प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वही रीट योग्यताधारी, नवनियुक्त कार्मिको, विभिन्न डिग्री एवं डिप्लोमाधारी, खेलकूद की प्रतिभा, प्रमोशन प्राप्त कार्मिको का भी सम्मान किया गया। समारोह में प्रतिभाओं को मेडल, मोमंटो, बैग, डाक्यूमेट फाईल देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन का अकबर खां, हिन्दू खां, शौकत खांन ने किया।

कार्यक्रम में जुल्फिकार अली भुट्टो, अयूब शेख, राजम अली, लियाकत अली शेख, धन्नू खान मेहर, हिम्मत खान मेहर, शहजाद खान मेहर, पार्षद अमजद खान, रहमान खान सिलावट, आरिफ खान, हिदायत खान, बरकत खान मेहर, भंवरू खान बेलीम सहित रकमा के प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक

जालोर, (कासं)। सामान्य चिकित्सालय जालोर की राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए विशेष दिशा निर्देश प्रदान दिए। बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय जालोर में नवीन एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण कार्य एवं एमसीएच रोसेन्टर में एसटीपी प्लांट को सुचारू करवाने, एमसीएच सेन्टर जालोर के सम्पूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने व शौचालय में साफ-सफाई व रख-रखाव करने, जिला चिकित्सालय एवं एमसीएच सेन्टर के लिए यूटीबी पर 6 चिकित्सक लगवाने, ब्लड बैंक में रंग रोगन का कार्य करवाने, जिला चिकित्सालय में बेन्टर परिसर में दीवार एवं छत्त मरम्मत का कार्य करवाने, जिला चिकित्सालय जालोर में मेडिसन वार्ड एवं बर्न वार्ड के गबर में पाईप एवं डीप का कार्य करवाने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा, एमसीएच के डीसी डॉ. नैनमल परमार, सहायक लेखाधिकारी प्रथम इन्द्रजीत मेहता आदि उपस्थित रहे।

डूंगरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को चितलवाना पंचायत समिति की डूंगरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर चितलवाना उपखण्ड अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

अजय केवलिया प्रदेश मंत्री बने

पोकरण, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश व्यास ने महासंघ के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जैसलमेर के कर्मचारी नेता अजय केवलिया को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेश व्यास ने बताया कि अजय केवलिया न केवल जैसलमेर जिले के कर्मचारियों के हितों के लिए सक्रिय रहते हैं, बल्कि पूरे राजस्थान के कर्मचारियों के हितों की आवाज भी बुलंद करते रहे हैं। अजय केवलिया ने कहा कि जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा।

थलवाड़ में लोकार्पण कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को सायंकाल थलवाड़ ग्राम पंचायत में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा-कक्ष एवं सार्वजनिक ट्यूबवैल, नलकूप खुदाई व कमिशनिंग कार्य तथा आंगनबाड़ी भवन-3 का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, उप प्रधान अनुराधा कंवर, उदयसिंह दादाल, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, पुखराज विराणा, राहुल भण्डारी आदि मौजूद रहे।

पटाखों का बाजार

पाली, (नि.सं.)। रामलीला मैदान में पक्की दुकान है तो शुरू से चल रही है, लाइसेंस मिलने के बाद करीब पटाखों के लिए 28 दुकान कच्ची लग गई है। पटाखे लेने के लिए शहरवासी पहुंच रहे हैं। पटाखा व्यवसाय जितेंद्र ने बताया की पिछली बार से इस बार पटाखों के दामों में वृद्धि हुई है। इस बार रंग बिरंगे पटाखे, ठीन लाइट पटाखे, आकाशीय विभिन्न डिजाइनर के पटाखे, फुल चिड़िया कोटी जमीन चकरी, के साथ सुतली बम, रॉकेट आदि की मांग है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

No.: Comml/E-auction/2025/45 Date: 16.10.2025 उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं। **कार्य का नामः** जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु इ-ऑक्शन। **कार्य की अवधिः** पार्किंग 3 वर्ष। **लॉट के इ-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समयः** PARKING: Parking-JU-70 दिनांक 30.10.25 को 14:00 बजे से। **वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** www.ireps.gov.in

1340-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) -345001

क्रमांक/भूमि /2025-26/2016 दिनांक : 17.10.2025

-:: सार्वजनिक ई -नीलामी सूचना ::-

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि जैसलमेर शहर में आवासीय एवं वाणिज्यिक भूखण्डों उनके निम्न सामने अंकित तिथि को ऑनलाईन माध्यम से नीलामी राजस्थान नगरपालिका नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के अनुसार 99 वर्ष की लीज होल्ड के आधार पर की जायेगी । इच्छूक क्रय कर लाभ उठायें । उक्त बेचान पर राजस्थान नगरपालिका नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के समस्त व समय - समय पर जारी परिपत्र लागू रहेंगे ।

क्र. स.	स्थान का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड साईज (प्रति भूखण्ड)	बोली प्रांरभ राशि	रिर्जव प्राईज केवल लीज/अरबन असेशमेन्ट गणना हेतु	नीलामी आंरभ तिथि	धरोहर राशि पत्येक भूखण्ड
1.	श्री गोवर्द्धनदास कल्ला आवासीय योजना जैसलमेर	A-47,54,C-54,69,D-20,30,40,41,59	162 sq.mtr	10,45,800/-	5,66,475/-	04.11.2025 to 07.11.2025	20916/-
2.	श्री गोवर्द्धनदास कल्ला आवासीय योजना जैसलमेर	A-402	216 sq.mtr	13,94;400/-	7,55,300/-		27828/-
3.	श्री गोवर्द्धनदास कल्ला आवासीय योजना जैसलमेर	A-259	309 sq.mtr	19,95,000/-	10,80,625/-		39,900/-
4.	लक्ष्मीचंद सांवल आवासीय योजना जैसलमेर(वाणिज्यक भुंखड)	जी ब्लॉक के पास	90x100	1,99,98,000/-	36,00,000/-		3,99,960/-
5.	लक्ष्मीचंद सांवल आवासीय योजना जैसलमेर(वाणिज्यक भुंखड)	एफ ब्लॉक चोराहे के पास	130x130	3,75,51,800/-	67,60,000/-		7,51,036/-
6.	लक्ष्मीचंद सांवल आवासीय योजना जैसलमेर(वाणिज्यक भुंखड)	पेट्रोल पम्प हेतु भूखंड	200x300 sq.ft	13,33,20,000/-	2,40,00,000/-		26,66,400/-
7.	होटल कॉम्पलेक्स बाड़मेर रोड़ जैसलमेर वाणिज्यिक दुकान	S-1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,22,24,27,28,29,30,31,32,33,34,35,36,37,38,39,42,45,46,47,48,49,50,51,52,53,54 total (43)	20x40 sq.ft	4,40,000/-	3,60,000/-	10.11.2025 to 14.11.2025	8800/-
8.	होटल कॉम्पलेक्स बाड़मेर रोड़ जैसलमेर वाणिज्यिक दुकान	S-143,144,145,146,147,149,152,153,154,155,156,157,158,159,160,161,162,163,164,165,167,168,169,171,172,174,175,176, Total- (28)	10x20 sq.ft	1,10,000/-	90,000/-		2200/-
9.	गफूर भट्टा वाणिज्यिक कोम्पलेक्स निर्मित दुकान	Shop No-6,17	10x20 sq.ft	5,00,000/-	60,000/-		10,000/-

नियम एवं शर्ते :-

1.भूमि निष्पादन नियम 1974 व संशोधित नियमों की पूर्ण पालना करनी होगी। 2. नगर परिषद जैसलमेर को निलामी में प्राप्त बोलियां स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रहेगा । 3. नगर परिषद जैसलमेर को निलामी में पर्याप्त राशि प्राप्त नही होने की स्थिति में बोली की अंतिम तिथि बढाने या निलामी अस्वीकार करने का सपूर्ण अधिकार होगा। 4. सफल बोलीदाता द्वारा बोली स्वीकृति की दिनांक से मांग पत्र जारी होते ही तीन कार्य दिवसों के भीतर 15 प्रतिशत बोली की राशि जमा करानी होगी अन्यथा जमा अमानत राशि जब्त कर ली जाएगी और भूखण्ड की नीलामी स्वतः निरस्त मानी जायेगी। 5. सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि की 35 प्रतिशत नीलामी की तिथि से 120 दिन के भीतर जमा करानी होगी।6. सफल बोलीदाता को शेष 50प्रतिशत राशि नीलामी की तिथि से 180 दिवस के भीतर जमा करानी होगी। 7. यदि सफल बोलीदाता नीलामी तिथि से 15 दिवस के भीतर पूरी राशि जमा कराता है तो उसे बोली राशि पर 1 प्रतिशत छूट दी जावेगी । 8. बोलीदाता द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण बोली राशि जमा नही कराई जाती है तो धरोहर राशि सहित 15 प्रतिशत प्रारंभिक जमा राशि जब्त कर ली जावेगी और भूखण्ड की बोली स्वतः निरस्त मानी जावेगी। 9. इन भूखण्डों पर निर्माण कार्य नियमानुसार स्वीकृति परिषद से प्राप्त कर स्वीकृत नक्शे के अनुसार जैसलमेर शैली में करवाना होगा। 10. नीलामी शर्तो व नियमों के उल्लंघन पर भूखण्ड विक्रय निरस्त किया जा सकेगा । 11. भूखण्ड नीलामी की विस्तृत शर्ते एवं नियम हेतु https://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ में देखे एवं अवलोकन किये जा सकते है । 12. भूखण्ड का कब्जा/शास्वत लीज डीड/ लीज राशि समय पर जमा कराने का दायित्व सफल बोलीदाता का रहेगा। 13. असफल बोलीदाता की धरोहर राशि वापसी योग्य (Refund) होगी जो निलामी की समस्त प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात स्वतः असफल बोलीदाता के निलामी में पंजीकृत खाते में स्वतः जमा की जायेगी। 14. नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाता वेबसाईट https://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ पर जाकर Log in ऑपशन पर क्लिक करके स्वयं की SSO ID बना ले व जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में SSO ID प्रयोग में ली जा रही है वे SSO ID के माध्यम से Log in कर LSG E- AUCTION ऑपशन पर क्लिक करके बोली में भाग ले सकते है। वेब साईट पर रजिस्टर करने सम्बन्धी असुविधा एवं इस सम्बन्ध में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के लिए हैल्पडेस्क नम्बर 7878171007 एवं 7619706876 पर सम्पर्क करें।

(लजपाल सिंह)
आयुक्त
नगर परिषद, जैसलमेर

(परसाराम आर. ए.एस)
प्रशासक
नगर परिषद, जैसलमेर